[ पटना ] सोमवार, 15 अप्रैल 2024 । मूल्य 5.00, कुल पृष्ठ 8 [ वर्ष: 5, अंक: 38 ] ☎ 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

खबरों से समझौता नहीं


{ अनमोल वचन }

क्रोध को पाले रखना ऐसा है जैसे किसी गर्म कोयले को किसी पर फेंकने के नियत से पकडे रहना। क्रोध करने से आप ही जलेंगे।

- गौतम बुद्ध



जिनके पूर्वज पूरे प्रदेश का चारा ... 3 www.bordernewsmirror.com 4 भाजपा का घोषणा पत्र विकसित...

# विपक्ष की जैसी घातक सोच, वैसा घातक घोषणा पत्र, किसके पक्ष में बोल रहे हैं वे : मोदी

**बॉर्डर न्यूज मिरर**
**पिपरिया (नर्मदापुरम)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन के घोषणा पत्र पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन की जैसी सोच है, वैसा ही घातक घोषणा पत्र है और इतने खतरनाक वादे करते हुए विपक्ष के लोग आखिर किसकी भलाई करने की बात कर रहे हैं।

श्री मोदी मध्यप्रदेश के नर्मदा किनारे बसे नर्मदापुरम के पिपरिया में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभा में उपस्थित यहां से सटे छिंदवाड़ा संसदीय सीट के पार्टी प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के नाम का भी उल्लेख करते हुए उन्हें भारी मतों से जिताने की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

दिल्ली में भाजपा का घोषणा पत्र जारी करने के फौरन बाद पिपरिया पहुंचे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन को जम कर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन समझ ही नहीं पा रहे कि घोषणा पत्र एक जिम्मेदारी होती है, गठबंधन के लोग ऐसे-ऐसे वादे कर रहे हैं। देश किस दिशा में जाएगा, समझ ही नहीं पा रहे। उनके घोषणापत्र में एक से एक खतरनाक वादे हैं, एक साथी कह रहे हैं कि भारत से परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। भला कोई देश ऐसा सोचेगा क्या। ये हथियार किसी भी देश की सुरक्षा के लिए होते हैं। गठबंधन के लोग इस प्रकार की बात करके आखिर किसकी भलाई सोच रहे हैं। जैसी घातक उनकी सोच है, वैसा ही घातक घोषणा पत्र है। वहीं भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के रूप में आपके सामने है।



उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि 'कांग्रेस के शहजादे' ने एक झटके में देश की गरीबी हटाने की जो घोषणा की है अभी, उसे सुन कर सभी को बस हंसी ही आएगी। देश पूछ रहा है कि आखिर ये 'शाही जादूगर' इतने साल तक कहां छिपा था। 50 साल पहले उनकी दादी ने गरीबी हटाने की घोषणा की थी, 2014 से पहले 10 साल तक इन्होंने रिमोट से सरकार चलाई और अब एक झटके वाला मंत्र कहां से लाए हैं ये। ये गरीबों का मजाक है या नहीं, कभी झटके से गरीबी दूर होती है क्या। ऐसे दावे करते हैं और इसी कारण हंसी का पात्र बन जाते हैं, देश कभी इन्हें गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। कांग्रेस के लोग 2014 और 2019 में भी यही बोलते थे, राममंदिर और धारा 370 पर भी यही बोलते थे, कभी आग लगी क्या। कांग्रेस का काम देश को डराना और भ्रम फैलाना है। आग देश में नहीं, उनके दिलों में लगी है। 10 साल से सत्ता से बाहर हैं, ऐसे छटपटा रहे हैं, जैसे उनकी भावी पीढ़ियों का सब कुछ लुट गया हो। जो पार्टी खुद को मजबूत नहीं बना सकती, वो देश को क्या मजबूत बनाएगी।

संविधाननिमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर यहां आए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी डॉ अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने सदा डॉ अंबेडकर को अपमानित किया है। कांग्रेस ने जिस समाज को हमेशा वंचित रखा गया, आज उस समाज की बेटी देश की पहली नागरिक है। भाजपा ने अंबेडकर को विचार तक सीमित नहीं रखा, आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी। देश के डिजिटल पेमेंट के ऐप का नाम भी भीम यूपीआई है।

संविधान के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद कई दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई। इसी परिवार ने आपातकाल लगाया। कांग्रेस ने लोकतांत्रिक सरकारों को मनमर्जी से गिराया। अपने हिसाब से इतिहास तोड़ा मरोड़ा। खुद का महिमामंडन करवाया। कांग्रेस की माने तो लोकतंत्र बिल्कुल ठीक चल रहा था, पर जैसे ही गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना, तो पार्टी अफवाह फैलाने लगी कि अब संविधान पर खतरा हो जाएगा।

## 70 साल से अधिक के सभी बुजुर्गों के लिए आएगी आयुष्मान भारत योजना

**नयी दिल्ली। एजेंसी**




- **प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है।**
- **संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश की जनता से वादा किया है कि इस आम चुनाव में जीत कर सत्ता में आने पर 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वर्गों के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक के निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र ह्यमोदी की गारंटी संकल्प पत्र 2024 को जारी करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, 'भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च-मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।' उन्होंने यह भी कहा, 'मोदी गारंटी देते हैं कि जन औषधि केंद्रों पर 80 फीसदी छूट के साथ सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी।' भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय के विस्तारित भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र जारी होने के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणत्र की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जाएं। श्री मोदी ने कहा, 'आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती भी है। ऐसे पावन समय में आज भाजपा ने विकसित भारत के संकल्प पत्र को देश के सामने रखा है।'

## भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई, बेरोजगारी गायबः राहुल गांधी

**नयी दिल्ली। एजेंसी**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब हैं।

श्री गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती।

श्री गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार श्री मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लाएगा।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है। भाजपा उनके बनाए संविधान को खत्म करने की स्पष्ट रूप से साज़िश रच रही है। प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाने के लिए मंच से खुद कुछ और बोलते हैं और अपने नेताओं से कुछ और बुलवा रहे हैं।

श्री रमेश ने कहा, " उनका मकसद साफ है - यदि इस बार उन्हें मौका मिला तो सबसे बड़ा खतरा बाबा साहेब के संविधान पर होगा।"

# मोदी ने 10 वर्षों में देश को किया बेहाल संविधान पर मंडरा रहा खतराः तेजस्वी

## बिहार के विकास के लिए अंडा बेचनेवाला युवक को बनाएं नवादा का सांसद : तेजस्वी

**बॉर्डर न्यज मिरर। नवादा**

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि देश का संविधान बचाने के उद्देश्य तथा बिहार के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी अंडा बेचने वाला श्रवण कुशवाहा को वोट दें। ताकि बिहार का बेहतर विकास हो सके। वे रविवार की को नवादा के गोबिंदपुर विधानसभा क्षेत्र के कौआकोल प्रखंड के पाण्डेयगंगौत इंटर स्कूल के मैदान में महागठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल झूठ बोलकर जुमलेबाजी पर टिके है।उन्होंने तो इसी मैदान में सभी के खाते में 15-15 लाख रुपए काला धन विदेश से मंगवाने की घोषणा की थी। लेकिन क्या 15 लख रुपए मिल गए ।उन्होंने कहा कि केवल झूठ बोलकर तथा सांप्रदायिक भावना को भड़काकर गद्दी हथियाने की कोशिश की जा रही है। जो देश समाज हित में उचित नहीं है ।उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 56 इंच का सीना रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विकास की गारंटी दे रहे हैं लेकिन वह मेरे पलटू चाचा की गारंटी नहीं दे सकते कि वे उन्हें रख पाएंगे या नहीं। जो नेता इतना कमजोर हो उसकी गारंटी पर क्या भरोसा हो सकता है । उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में 17 महीने तक हमने साथ रखकर 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। अगर अब तक



हम साथ रहते तो 10 लाख लोगों को निश्चित तौर पर नौकरी देते ।जो काम अधर में लटक गया है।उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मेरे साथ होने के पहले नौकरी देने में क्यों अक्षम सिद्ध हो रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार अगर एनडीए की सरकार बनी तो संविधान को ही बदलने का प्रयास किया जाएगा ।जो देश हित में बिल्कुल गलत होगा । उन्होंने कहा कि नवादा लोकसभा क्षेत्र को भाजपा वालों ने प्रयोगशाला बनाकर रखा है ।हर बार बाहरी प्रत्याशी भेज कर नवादा वासियों को छलने का काम करते हैं। इसलिए महागठबंधन प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा नवादा का बेटा है ।इसे वोट देकर भारी मतों से विजय बनावे ।उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सर्वजात ,सर्वधर्म की पार्टी है।

यहां किसी से कोई भेदभाव नहीं है ।इसलिए हम समाज का चौमुखी विकास चाहते हैं ।अगर बिहार का चौहुमुखी विकास चाहिए तो निश्चित तौर पर महागठबंधन को वोट दें पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि झूठ फरेब के चक्कर में पड़ने की जरूरत नहीं है। महागठबंधन प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं ।तभी बिहार का विकास संभव है । उन्होंने कहा कि जुमलेबाजी के चक्कर में आज तक आपका नुकसान हुआ है ।अगर इस बार आप वोट दिए तो संविधान बदलकर आपकी आजादी भी छीन ली जा सकती है।तेजस्वी यादव ने नवादा लोकसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को माला बनाकर जीत के लिए उपस्थित जनसमूह से आशीर्वाद दिलाया। इस अवसर पर श्रवण कुशवाहा ने तेजस्वी यादव का स्वागत करते हुए हर मुकाम पर खरा उतरने की बात कही। इस अवसर पर राजद के प्रांतीय प्रवक्ता पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, जिला पार्षद निरीश राज ,गौतम कपूर चंद्रवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महागठबंधन की जीत सुनिश्चित कराने की बात कही।

## श्रद्धालुओं को निरोगी काया देती है शीतला माता

**पटना।** बिहार में नालंदा जिले के मघड़ा गांव स्थित सिद्धपीठ शीतला माता मंदिर में पूजा करने से श्रद्धालुओं को निरोगी काया प्राप्त होती है। नालंदा जिले में बिहारशरीफ से कुछ किलोमीटर की दूरी पर परवलपुर-एकंगर सराय मार्ग पर स्थित है एक छोटा सा गांव है मघड़ा। इस गांव की पहचान सिद्धपीठ के रूप में की जाती है। शीतला माता मंदिर के प्रति लोगों की आस्था जुड़ी है। यह मंदिर प्राचीनकाल से ही आस्था का केन्द्र रहा है। यहां कभी गुप्तकाल के शासक चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय चीनी चात्री फाह्यान ने पूजा की थी। उन्होंने अपनी रचना में शीतला माता मंदिर की चर्चा की है।

## राजद के पांच पूर्व सांसद फिर से सांसद बनने के लिये करेंगे जोर आजमाइश

पटना। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में पांच भूतपूर्व सांसद एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर सांसद बनने के लिये जोर आजमाइश करेंगे।

राजद के टिकट पर इस बार के चुनाव में 23 प्रत्याशी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमायेंगे। राजद ने इस बार पांच भूतपर्व सांसद पर भरोसा जताते हुये उनपर दाव लगाया है। इनमें बांका संसदीय सीट से जय प्रकाश नारायाण यादव, मधुबनी से मोहम्मद अली अशरफ फातमी, जहानाबाद से सुरेंद्र प्रसाद यादव, उजियारपुर से आलोक कुमार मेहता और सीतामढ़ी से अर्जुन राय शामिल हैं।

## बिहार में सूयोर्पासना के महापर्व चैती छठ पर डूबते सूर्य को अर्घ्य

**पटना।** बिहार में सूयोर्पासना के महापर्व चैती छठ के अवसर पर आज व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। गंगा नदी में हजारों महिला और पुरुष व्रतधारियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किये। इस अवसर पर हजारों लोगों ने पवित्र गंगा नदी में स्नान भी किया। सुबह से ही आज गंगा नदी की ओर जाने वाले सभी मार्ग छठ व्रत एवं सूर्य आराधना के भक्तिपूर्ण एवं कर्णप्रिय गीतों से गुंजायमान रहे।

## जो जेल में थे या जमानत पर हैं वे प्रधानमंत्री के खिलाफ दे रहे बयान : राजनाथ

**बॉर्डर न्यज मिरर। जमुई**

रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पुत्री मीसा भारती के सत्ता में आने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जेल भेजने के बयान को लेकर लालू परिवार की आलोचना की और कहा कि देश में कोई भी इस तरह के बयानों को बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री सिंह ने जमुई लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक (राजग) उम्मीदवार अरुण भारती के पक्ष में रविवार को यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा



कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्य बयान दे रहे हैं कि यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जेल जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अजीब है कि जो लोग या तो जेल में थे या जमानत पर हैं वे प्रधानमंत्री श्री मोदी के खिलाफ इस तरह के बयान दे रहे हैं।

## घोषणा पत्र नहीं, भाजपा का 'जुमला पत्र' है : कांग्रेस

**बॉर्डर न्यज मिरर। पटना**

बिहार कांग्रेस ने इस बार के लोकसभा चुनाव के लिए जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र को 'जुमला पत्र' करार दिया। कांग्रेस के विधान पार्षद और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेमचंद्र मिश्रा ने रविवार को कहा कि भाजपा के घोषणापत्र को 'जुमला पत्र' के रूप में बेहतर तरीके से वर्णित किया जा सकता है क्योंकि इसमें न तो स्पष्ट रोडमैप है और न ही ठोस वादे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर कैसे सृजित किए जाएं, इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

## भाजपा का घोषणा पत्र विकसित भारत का संकल्प पत्रः गिरिराज सिंह

**बॉर्डर न्यज मिरर। पटना**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भाजपा के घोषणा पत्र सह संकल्प पत्र को विकसित भारत का संकल्प पत्र बताया है। गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों को ध्यान में रखकर यह संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा के इस संकल्प पत्र को युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान को ध्यान में रख कर बनाया गया है ।उन्होंने कहा कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन भी होगा और एक मतदाता सूची होगी। इसके साथ ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी लागू किया जाएगा। जब यह लागू होगा तो एक देश एक कानून होगा। 370 हटाने के बाद कई बाधाएं हैं उसको दूर किया जाएगा। अगले 5 वर्ष की योजना 10 साल की योजना है। 2047 में जब भारत की आजादी का सौ वर्ष होगा तो भारत विकसित भारत होगा। घोषणा पत्र में सारा पिटारा गरीबों के लिए खोल दिया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि जीविका दीदी के लिए भी काम किया जा रहा है। 2029 में महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों के लिए जो पैसा दिया जा रहा है, वह जारी रहेगा।

गांव से लेकर शहर तक के लोगों को सुविधा के लिए हर काम किया जाएगा। वन नेशन वन इलेक्शन अब लागू होगा। वन इलेक्शन एक मतदाता सूची होगी। सभी क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतदाता सूची बनती थी। अब वह एक सूची बनेगी।



STONE CLINIC MOTIHARI
स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी, बैंक रोड, राजेश्वरी पैलेस होटल के पूरब वाली गली में

# जिनके पूर्वज पूरे प्रदेश का चारा खा गए, उनके परिवार के लिए नवरात्रि में मछली क्या हैं: आनंद

**बॉर्डर न्यूज मिरर।शिवहर**



शिवहर संसदीय क्षेत्र के मदनपुर गांव मे एनडीए प्रत्याशी लवली आनंद के समर्थन में जनसंपर्क करते हुए पूर्व सांसद आंनद मोहन ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला हैं. पूर्व सांसद आनंद मोहन ने पूर्व डिप्टी उट तेजस्वी यादव और श्क्ह प्रमुख मुकेश सहनी पर हमला करते हुए कहा की दोनों नए नेता हैं बता रहे थे की मै दूध वाला हूँ, और ये मछली वाला, लेकिन मै बता रहा हूँ की दूध और मांस बैरी होता. जिनके पूर्वज पूरे देश प्रदेश और जानवरो का चारा खा गाए उनके बेटे के लिए नवरात्रि मे मछली खाना कौन सी बड़ी बात है। उस दौरान ग्रामीणों ने फूल मालो एवं आतिशबाजी के साथ पूर्व सांसद का लोगो ने किया।मदनपुर निवासी आलोक कुमार ने पूर्व सांसद को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया है.पूर्व सांसद आनंद मोहन ने एनडीए प्रत्याशी लवली आनंद की जीत को सुनिश्चित करने के लिए लोगो से अपील की है।कहा की शिवहर के साथ माँ बेटा का मेरा संबंध रहा हैं. हर सुख- दुःख मे शिवहर लोक सभा के लोगों का हमेशा साथ मिलता रहा है। पूर्व सांसद आनंद मोहन ने लोगो से एनडीए प्रत्याशी लवली आनंद के लिए मतदान करने की अपील की है।वही मौके पर रास्ट्रीय लोक मोर्चा किसान प्रकोष्ठ के ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, जदयू के वरिष्ठ नेता विजय विकाश, पारस नाथ सिंह,गंगा ठाकुर, नगिंन्द्र बैठा, नीरज मंडल, गौरव कुमार, सौरव कुमार, मुन्ना कुमार, सहित अन्य मौजूद थे।

# बाबा साहेब ने अपने विचारधारा से हाशिए पर खड़े लोगो का स्वाभिमान जगाया : विधानंद

**बॉर्डर न्यूज मिरर। मोतिहारी**

जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के अम्बेडकर भवन के प्रांगण में रविवार को बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।समारोह की अध्यक्षता अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक पारसनाथ अम्बेडकर एवं संचालन किरण राम ने किया। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के प्रदेश महासचिव विद्यानंद राम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर हमारे आदर्श है। उनकी अवदानो का न केवल भारत बल्कि कि पूरी दुनिया ऋणी है। उन्होंने अपने सर्वोत्तम विचारो से समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के स्वाभिमान को जगाया। उन्होंने समाज को शिक्षित व संगठित बनाकर जातिवाद, छुआछूत व भेदभाव को खत्म कर समतामूलक समाज की स्थापना की मुहीम को गति दिया। समारोह को अधिवक्ता ओमप्रकाश राम, गोपाल कुमार, शिवजी पासवान,अधिवक्ता चन्द्रशेखर कुमार,अकिन्द्र राम, शिवशंकर राम, कुमार गौतम सहित मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

# बेतिया में शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस ज़िला स्थित शिकारपुर पुलिस ने कटघरवा गांव में छापेमारी कर एक सौ लीटर चुलाई शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान कटघरवा गांव निवासी राधा देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि उक्त महिला को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। हालांकि अन्य धंधेबाज भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि महिला के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्जकर उसे जेल भेज दिया गया है।

# जब्त कुल 8695.07 लीटर अवैध शराब का हुआ विनिष्टिकरण

**बॉर्डर न्यूज मिरर। बेतिया**



बगहा पुलिस जिला के 14 पुलिस थानों द्वारा जब्त कुल 8695.07 लीटर अवैध शराब का विनिष्टिकरण रविवार को नदी थाना के प्रांगण में किया गया। शराब विनिष्टिकरण का कार्य अधीक्षक मद्य निषेध, पश्चिमी चम्पारण, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा एवं अंचलाधिकारी मधुबनी के समक्ष सम्पन्न हुआ। अधीक्षक, महानिषेध मनोज कुमार सिंह ने बताया कि लोक सभा निर्वाचन 2024 को पूर्ण स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के दिशा-निर्देश के आलोक में मद्य निषेध कानून का प्रभावी अनुपालन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक ओर जहाँ शराब पीने, कारोबार करने तथा बनाने वालों के विरुद्ध छापेमारी कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है वहीं दूसरी ओर छापेमारी में जब्त शराब का विनिष्टिकरण समय पर कराया जा रहा है। अधीक्षक, महानिषेध ने बताया कि शराब पीने, कारोबार करने तथा बनाने वालों को सी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। मद्य निषेध विभाग की पूरी टीम, पुलिस की टीम निरंतर कार्रवाई कर रही है।

# देशी कट्टा के साथ दो बदमाश गिरफ्तार



**बॉर्डर न्यूज मिरर।केसरिया**

किसी घटना को अंजाम देने थाना क्षेत्र के सागर चुरामन गाँव में आये दो बदमाशों को शनिवार को पकड़ा गया है। रविवार को थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के बनपरुआ से दो अपराधी किसी घटना को अंजाम देने को लेकर सागर चुरामन गाँव आ रहे हैं। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में सागर चुरामन गाँव में छापेमारी की गई। जहाँ से डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के संदीप सहनी व मधुबन थाना क्षेत्र के करण कुमार को पकड़ा गया। इनके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक बाइक व एक मोबाइल बरामद किया गया है। इन दोनों बादमाशों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई नवल किशोर, पीएसआई ओम पाल, पीएसआई अंजू कुमारी, पीएसआई राजीव रंजन सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# गोल्डेन फ्यूचर फाउंडेशन ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**बॉर्डर न्यूज मिरर। तुरकौलिया**

गोल्डेन फ्यूचर फाउंडेशन संस्था ने गत माह प्रखंड स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजन किया गया था। जिसमे सैकड़ों छात्र छात्राएं भाग लिए थे। जहां रविवार को प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें तुरकौलिया प्रखंड से 3 बच्चे सहित प्रत्येक संस्थान से तीन तीन बच्चे को चयनित किया गया है। प्रखंड स्तरीय प्रथम स्थान लाने वाले बच्चे को लैपटॉप, दूसरा स्थान लाने वाले बच्चे को टैब और तीसरा स्थान लाने वाले बच्चे को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही करीब 60 बच्चो को स्कूल बैग, डायरी व अन्य उपहारों से पुरस्कृत किया गया। मौके पर संस्था संरक्षक सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष अजय पटेल, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मध्य पंचायत मुखिया सुनील कुमार , तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया रामजन्म पासवान, मुखिया विजय साह, मुखिया पुत्र रिकेश श्रीवास्तव, ई ललन कुमार, वार्ड सदस्य फिरदोस लाडले, गोल्डेन फ्यूचर फाउंडेशन संस्था संस्थापक अध्यक्ष सौरभ प्रजापति, आदित्य स्वरूप, रौशन प्रकाश, आलोक गुप्ता, शशीकांत कुशवाहा, विवेक गुप्ता, राजा गुप्ता, केशव कुमार, राकेश भारती, ध्रुप नारायन सहनी, संदीप प्रजापति, सुनील पटेल, दीपक कुमार, आकाश आर्य, प्रभाकर कुमार, सुदिश गुप्ता, शर्मिला कुमारी, गुडडू कुमार आदि मौजूद थे।

Lakshya Raj Public School
LAKSHYA RAJ KIDZEE
Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441

स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी
डॉ. मीना
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

# नरेंद्र मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया : आप

**नयी दिल्ली। एजेंसी**

आम आदमी पार्टी( आप) ने रविवार को कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है। ह्यआपह्न की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला पत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए श्री मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है।जुमला पत्र के जरिए भाजपा द्वारा पिछले 10 सालों में पूरे न किए गए वादों का कच्चा चिट्ठा पूरे देश के सामने आ गया है।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी और भाजपा ने पिछले 10 सालों में देश के लोगों को अपने जुमलों से बस धोखा देने का काम किया है।अगर 10 साल में काम किया है तो उसके आधार पर वोट माँगकर दिखाए, 10 साल के वादों के आधार पर नहीं।

सुश्री आतिशी ने कहा कि हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री ने 75 पन्नों के जुमला पत्र में ये आँकड़ा तक नहीं दिया कि 10 सालों में उन्होंने कितने युवाओं को रोजगार दिया। उन्होंने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज अपने जुमलापत्र में इसका आँकड़ा नहीं दिया, 10 सालों में देश में महंगाई का स्तर कम होने के बजाय बढ़कर दुनिया में दूसरे नंबर पर पहुँच गया।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने का वादा करने वाली भाजपा के जुमला पत्र में किसानों के आय की बात नहीं,एमएसपी के कानून की बात नहीं; भाजपा किसानों से अपने किए वादों पर मुकर गई। जिस आयुष्मान भारत की आज भाजपा पूरे देश में अपने जुमला पत्र में डुगडुगी बजा रही है, उसपर पिछले साल दिल्ली जैसे छोटे राज्य के स्वास्थ्य बजट से भी कम खर्च हुआ।

उन्होंने कहा कि, भाजपा द्वारा जारी जुमलापत्र पर देश का कोई भी व्यक्ति विश्वास नहीं करने वाला है। दस सालों में भाजपा के जुमलों को पूरे देश ने देखा और इस बार देश के लोग इन जुमलों के खिलाफ वोट डालेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में न सिर्फ.युवाओं के साथ अत्याचार हुआ, किसानों के साथ अत्याचार हुआ, महंगाई बढ़ी बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर भी भाजपा ने देश के लोगों को धोखा दिया।

# जलबोझी के दौरान दो चचेरे भाइयों को पानी में डूबने से मौत



**बॉर्डर न्यज मिरर। शिवहर**

पिपराही थाना क्षेत्र के डूबा घाट स्थित बागमती नदी में छठ पूजा के दिन दो सगे भाइयों की डूबकर मौत हो गई। दोनों भाई गांव में हो रहे यज्ञ के लिए जल भरने बागमती नदी के घाट पर गए थे। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए। इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।जानकारी के मुताबिक, गांव में हो रहे यज्ञ के लिए कुछ लड़कों के साथ दोनों भाई सुबह जल भरने के लिए पिपराही थानाक्षेत्र स्थित बागमती नदी के डुब्बा घाट पर गए थे। दोनों भाई नदी से जल भर ही रहे थे, तभी एक भाई डूबने लगा। दूसरे ने भाई को डूबता देख उसे बचाने की कोशिश की लेकिन दोनों गहरे पानी में चले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी के पास जमा हो गए।घटना की सूचना पर स्थानीय प्रशासन पहुंचकर लापता दोनों भाइयो की खोज में लग गए.कई गोताखोर लापता बालक का खोजने में जुटे हुए थे । बताया जाता हैं की बागमती नदी के डूबा घाट में से निकले गए मृतक 14 वर्षीय निशांत कुमार पिता वीरेंद्र कुमार साह वार्ड नंबर 13 ,हिरौता निवासी बताया गया है।जबकि दूसरे की पहचान आकाश कुमार 14 वर्षीय पिता शिवनाथ कुमार साह हिरौता निवासी बताया गया है।दोनों बच्चे आपस में चचेरा भाई था। तथा गांव में ही रामचंद्र राय के यहां लखरांव होने के कारण तकरीबन 200 लोग जलबोझी करने को लेकर डुबाघाट पहुंचे थे। इसी बीच दोनों गहरे पानी में बह गए जिसमें से एक का शव तुरंत निकाल लिया गया जबकि दूसरे की सब काफी खोजबीन करने के बाद मिला है वहीं प्रशासन ने दोनों सबको पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है वहीं परिजनों में मातम छा गया है।

# फतेहपुर में कार के ट्रक से टकराने पर लगी आग में सात लोगों की मौत

**सीकर । एजेंसी**

राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर में रविवार को कार के ट्रक से टकरा जाने के बाद लगी आग में जलने से दो मासूम बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर के आशीर्वाद चौराहे के पुल पर अपराह्न करीब ढाई बजे यह हादसा हुआ जिसमें कार के रुई से भरे ट्रक से टकराने के बाद कार एवं आस पास रुई बिखर गई और कार में आग लग गई। कार के आग से घिरे जाने पर कोई मदद नहीं कर पाया और ये लोग ज़िंदा जल गये। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी ने आग बुझाई और क्रेन की मदद से कार को मौके से हटाया। उत्तर प्रदेश में मेरठ के रहने वाले दो परिवार के ये लोग खाटूश्याम मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। मृतकों में नीलम गोयल उनके पुत्र आशुतोष, मंजू बिंदल उनके पुत्र हार्दिक बिंदल एवं हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल तथा उनकी दो मासूम पुत्रियां शामिल हैं।

# मुर्मु, धनखड़ मोदी, बिड़ला, अन्य गणमान्य ने दी भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली। एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला , केंद्रीय मंत्रिपरिषद के विभिन्न सदस्यों , अनेक सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने संसद भवन परिसर में आयोजित समारोह में अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

# भाजपा के 'संकल्प पत्र' को 'माफीनामा' कहा जाना चाहिए: कांग्रेस

**नयी दिल्ली। एजेंसी**

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 'संकल्प पत्र' को 'माफीनामा' कहा जाना चाहिए क्योंकि वह पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा किए गए एक भी मुद्दे को पूरा करने में विफल रही है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत और अमिताभ दुबे ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही।

कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा, 'इस संकल्प पत्र को 'माफीनामा' कहा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री को 10 साल के शासन के दौरान घोषणापत्र में किये अपना वादा पूरा नहीं करने के लिए देश के दलितों, किसानों, युवाओं और आदिवासियों से माफी मांगनी चाहिए।'

श्री खेड़ा ने आरोप लगाया, 'श्री मोदी ने टास्क फोर्स बनाकर काला धन वापस लाने का वादा किया था, लेकिन उसकी जगह चुनावी बांड आ गए। उन्होंने पूर्वोत्तर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का वादा किया था, लेकिन मणिपुर में हिंसा हुई, जो जारी है और पीएम इस पर चुप हैं और गरीबी बढ़ गई है।'

श्री खेड़ा ने कहा, 'प्रधानमंत्री का एक और जुमला 100 नए स्मार्ट शहर बनाने का था, लेकिन चीन सीमा पर स्मार्ट गांव बना रहा है। देश की जनता मोदी सरकार के इन झूठे वादों से तंग आ चुकी है।'

कांग्रेस की सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, 'हमने दिसंबर 2023 में घोषणापत्र समिति के गठन का फैसला किया और पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान लोगों के सभी सुझाव लिए गए। दूसरी ओर, भाजपा ने 30 जनवरी को एक घोषणापत्र समिति का गठन किया और केवल 13 दिनों में 'कॉपी-पेस्ट' कर 'जुमला पत्र' लेकर आई।' 'बेरोजगारी' के मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए श्रीनेत ने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में सिर्फ दो बार नौकरियों का जिक्र है, जबकि कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं को 30 लाख स्थायी नौकरियां देने और स्नातकों को एक लाख रुपये का वजीफा देने की बात कही गयी है।ह्व उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में मणिपुर या चीन भारतीय क्षेत्र में कितना प्रवेश कर चुका है, किसानों की आय दोगुनी करने, एमएसपी, मुद्रास्फीति, लद्दाख या महिलाओं के मुद्दों का कोई उल्लेख नहीं है।

इस बीच अमिताभ दूबे ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा या कृषि क्षेत्र में कोई सुधार नहीं हुआ है।

किडनी स्टोन इलाज की समस्त सुविधाएं
स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
A MULTI SPECIALITY HOSPITAL
डॉ. मनोज कुमार गुप्ता
MBBS, MS, FMAS Ex- SR, BSA Medical College Delhi Ex- Asst. Prof. Govt. Medical College
यूरोलॉजिस्ट एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. महेन्द्र सिंह
MBBS, MS, MCH (Urology)
Ex- HOD Urology, IGIMS, Patna
सीनियर यूरोलॉजिस्ट एण्ड एण्ड्रोलाजिस्ट
डॉ. हेमन्त कुमार
MBBS,MD, (Psychiatry) BHU, Varanashi
मस्तिष्क, मानसिक, नशा एवं सेक्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. मीना
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
हमारी सुविधाएँ
- दूरबीन से Gall Bladder Surgery, CBD सर्जरी
- दूरबीन से बच्चेदानी (TLH, LAVH ) की सर्जरी
- Renal Stone, Ureteric Stone की सभी सर्जरी
- पेशाब सम्बंधी सभी बीमारी का इलाज
- सभी स्त्री रोग सर्जरी एवं जेनरल सर्जरी की सुविधाएँ
- एडभांस सर्जरी में विश्वसनीयता / सारी सुविधाएँ
- सिरदर्द एवं मानसिक रोगों का पूर्ण इलाज
- 24 घंटा नॉर्मल डिलिवरी / सिजेरियन की सुविधा
Mob.- 9507919091, 07562964700, 8969970077
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी
बैंक रोड, राजेश्वरी पैलेस होटल के पूरब वाली गली में

BORDER NEWS MIRROR

# Editorial

Monday 15 April 2024

## इजरायल-ईरान युद्ध

कहावत है कि पूरा विश्व ही एक कुटुम्ब जैसा है। यह दौर शांति, स्थिरता और सहयोग का है, लिहाजा युद्ध की गुंजाइश नगण्य है, लेकिन रुस-यूक्रेन युद्ध ने तमाम मान्यताओं को झुठला दिया है। बेशक विश्व-युद्ध न छिड़ा हो, लेकिन आसार हररोज वैसे ही बनते रहे हैं। जिस तरह दुनिया की ताकतें विभाजित रही हैं, उसके मद्देनजर यह विश्व-युद्ध का ही एक रूप है। यह युद्ध जारी है, लेकिन बीते 6 माह के दौरान इजरायल और हमास की हुकूमत वाली गाजा पट्टी में लगभग नरसंहार जारी रहा है। करीब 35,000 मासूम लोगों की हत्या कर दी गई। असंख्य घायलों के कुचले-मसले चेहरे बेहद पीड़ादायक हैं और हवाई हमलों ने जो विध्वंस किए हैं, न जाने उनका पुनर्निर्माण कब होगा? हालांकि सतही तौर पर युद्ध-विराम कराया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठकों में नरसंहार पर विराम लगाने के प्रस्ताव पारित किए गए हैं, लेकिन इजरायल अपनी बेलगाम आक्रामकता से बाज नहीं आता और संघर्ष-विराम पर वह अपनी मनमर्जी के फैसले लेता रहा है। चूंकि इजरायल-हमास युद्ध के दौरान ईरान, यमन, लेबनान, कतर आदि देश फलस्तीनियों के घोर समर्थक रहे थे, लिहाजा अब ऐसी नौबत आ गई है कि इजरायल और ईरान के दरमियान युद्ध जैसा तनाव उभर आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान कभी भी इजरायल पर हमला बोल सकता है। यह तनाव इतना बढ़ गया है कि एक ही दिन में अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को तुर्किये, चीन, सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों से बातचीत करनी पड़ी। यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, तो वह किसी के हित में नहीं होगा। अमरीका ने ईरान को सचेत किया है कि वह हमला न करे। ईरान के साथ अमरीका का तनाव काफी पुराना है, जाहिर है कि ईरान अमरीका के परामर्श को भाव न दे। दरअसल सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया गया था। हालांकि इजरायल ने उन आरोपों को खारिज किया था। उस हमले में 'इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' के वरिष्ठ सदस्य मारे गए थे, लिहाजा ईरान पर दबाव रहा है कि वह अपने जांबाजों की मौत का बदला ले।

## विपक्षी गठबंधन और कांग्रेस की प्रासंगिकता

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**




भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों में जो सर्वाधिक व्याकुल प्राणी थे, उनमें से चार शिखर पर थे। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, सोनिया गांधी और कम्युनिस्ट। प्रश्न पूछा जा सकता है कि मैंने अन्य दलों का नाम न लिख कर, उन दलों के प्रमुख व्यक्ति का नाम लिखा है, लेकिन कम्युनिस्टों के मामले में व्यक्ति का नाम न लिख कर केवल कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग क्यों किया है। उसका कारण है। हमारे भारत में कम्युनिस्ट सदा किसी शरीर की तलाश में रहते हैं। जब कम्युनिस्ट अपने शरीर में प्रकट होते हैं तो भारत के लोग उन्हें तुरंत पहचान लेते हैं और नकार देते हैं। इसलिए वे निरंतर किसी दूसरे शरीर, जिंदा या मुर्दा, की तलाश में रहते हैं और अपनी सुविधानुसार उसे पा भी लेते हैं। उनकी ऐसी पृष्ठभूमि में उनके किसी शीर्ष पुरुष का नाम पहचान पाना या तलाश करना बहुत मुश्किल है। उनके शीर्ष पुरुष आपस में इतने मिलेजुले हैं कि किसी को पहचान पाना ही मुश्किल है। इसलिए मैंने किसी व्यक्ति विशेष का नाम न लिख कर नंगा चिट्टा कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग ही किया है। अब आगे बढ़ा जाए। लेकिन हमारे आगे बढ़ने से पहले ही नीतीश कुमार इंडी मोहल्ला छोड़ कर वापस अपने घर लौट गए हैं। ममता बनर्जी हैं अभी भी इंडी मोहल्ला में ही, लेकिन उस मोहल्ला के बाकी लोगों से उन्होंने बोलचाल बंद कर दी है। उनकी पार्टी ने पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। लेकिन वैसे वे बराबर कह रही हैं कि वे इंडी के साथ मजबूती से खड़ी हैं और बंगाल को छोड़ कर बाकी सभी जगह उसका समर्थन कर रही हैं। लेकिन सोनिया गांधी इतना तो जानती हैं कि उनकी पार्टी को यदि ममता बनर्जी की जरूरत थी तो केवल बंगाल में थी। शेष भारत में, सोनिया गांधी तो क्या, ममता बनर्जी खुद भी जानती हैं कि उनकी हैसियत ही नहीं है। एक दूसरी पार्टी है जो इंडी गठबंधन में सर्वत्र विद्यमान है, लेकिन दिखाई नहीं देती। यह पार्टी अब भारत में 'अशरीरी' हो गई है। उसका नाम मुस्लिम लीग है। यह कांग्रेस के पैदा होने के कुछ साल बाद 1905 में पैदा हुई थी। कहा जाता है कि अंग्रेजों ने इस पार्टी को पैदा करने के लिए ही बंगाल का विभाजन किया था। मुस्लिम लीग को पैदा करने के बाद बंगाल विभाजन को भी खत्म कर दिया था। 1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने अंग्रेजों से भारत के मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन मंडल की मांग की थी। बाद में संबंध बनते बिगड़ते गए, लेकिन कांग्रेस ने 1947 में अपनी कार्यसमिति की अंतिम बैठक में मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की मांग का समर्थन करने के लिए 'भारत विभाजन' का प्रस्ताव पारित किया था। भारत विभाजन के बाद जब बचे-खुचे भारत में मुस्लिम लीग के लिए रहना मुश्किल हो गया, तो उसने अपनी शक्ल में प्लास्टिक सर्जरी करवा कर रुप बदल लिया था। उससे चेहरा तो बदल गया था, लेकिन भारत के लोग उनकी आवाज अच्छी तरह पहचानते ही हैं। इसलिए वे बराबर चिल्ला रहे हैं। यह बदल रहे चेहरे से घूम रही वही मुस्लिम लीग है जिसने भारत का विभाजन करवाया था। लेकिन सोनिया जी का कहना है कि यह पुराने वाली मुस्लिम लीग नहीं है। यह नई ताजा मुस्लिम लीग है जिसका पुरानी मुस्लिम लीग से कोई ताल्लुक नहीं है। पता चला है कि कुछ पुराने कांग्रेसियों ने कान में बताया भी कि मैडम, आपको पुरानी वाली का पता नहीं है, क्योंकि आपकी पृष्ठभूमि इटली की है। यह मुस्लिम लीग शत प्रतिशत पुराने वाली मुस्लिम लीग ही है। लेकिन सोनिया गांधी नहीं मानी। वह उसी को सच मानती हैं जो राहुल-प्रियंका-राबर्ट वाड्रा बताते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

*Today's Opinion*

## विकसित भारत की दरकार है खुशहाली



**डा. जयंती लाल भंडारी**

यद्यपि जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रुप लेने में दो माह बाकी हैं, लेकिन 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जाना शुरु हो गई है। देश के आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जोकि विकसित भारत की महत्वपूर्ण दरकार है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है। पिछले वर्ष भी इस रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है। नॉर्डिक देश खुशहाली सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। इनमें डेनमार्क और आइसलैंड ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। स्वीडन चौथे नंबर पर है। यद्यपि इस वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद दुनिया के कोने-कोने से लोग इसे अतार्किक और अविश्वसीय बताते हुए टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यूरोपीय विद्वानों के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों पर आधारित खुशहाली की रैंकिंग देने वाली यह सूची भ्रमित करने वाली है। इस रैंकिंग पर भरोसा नहीं होता है। इस खुशहाली की रंैकिंग में भारत से चार पायदान ऊपर 122वें पर स्थित पाकिस्तान दुनियाभर में महंगाई, ऋणग्रस्तता, धार्मिक आजादी व लोकतांत्रिक चुनौती से ग्रस्त ऐसे देश के रुप में चर्चित है जिस देश की सत्ता में सांप्रदायिक कट्टरपंथी जमात अग्रिम पंक्ति में है। कदम-कदम पर धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। इतना ही नहीं, फिलिस्तीन के साथ निर्मित युद्ध से जिस देश के हजारों लोगों के चेहरों पर निराशाएं दी हैं, उस इजराइल को दुनिया का पांचवां सबसे खुशहाल देश बताया गया है। इतना ही नहीं, युद्ध से पीड़ित क्षतिग्रस्त, हजारों मौतों का सामना कर रहा रुस 72वें, फिलस्तीन 103वें तथा यूक्रेन 105वें क्रम पर है। ये देश पीड़ाओं, निराशाओं व युद्ध के बावजूद भारत से अधिक खुशहाली की रैंकिंग दर्शा रहे हैं। इस विश्व खुशहाली रिपोर्ट में बेमेल गणनाएं की गई हैं। इस सूची के तहत दुनिया की सबसे अधिक आबादी रखने वाले भारत और भारत की आबादी से एक फीसदी से भी बहुत कम आबादी रखने वाले देशों की जनसंख्या चुनौतियों व समस्याओं के मद्देनजर तुलनाएं करते हुए भी खुशहाली की गणना की गई है। प्रश्न यह है कि भारत जैसे दुनिया की बड़ी आबादी के साथ दुनिया के सातवें सबसे बड़े भूभाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे कम आबादी व कम चुनौतियां रखने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना उपयुक्त नहीं है। जिन कई देशों को दुनिया के अधिक खुशहाल देश बताया गया है, वहां आबादी बहुत कम है, चुनौतियां भी बहुत कम हैं तथा धार्मिक विद्वेष भी नहीं हैं। ऐसे कई छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे देशों की तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे विशाल देशों से कैसे की जा सकती है? इस वैश्विक खुशहाली सूची में भारत के संबंध में कुछ ऐसे विश्व स्तर पर चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है जिनके लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई आर्थिक-सामाजिक संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर भारत में नए प्रयासों की सराहना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मानव विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हंै।

**(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री हैं)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# गर्मियों में बेहद फायदेमंद होता है जलजीरा

गर्मियों के मौसम में अक्सर ज़्यादा खाने का मन नहीं करता है। बजाए इसके कुछ पीने का मन करता है, कुछ ऐसा जो टेस्टी हो और रिफ्रेशिंग भी और आपके मूड को बेहतर बना सके। ऐसे में एक ही ड्रिंक है जो इन सभी चीजों को पूरा करता है और वो है जलजीरा। जी हांङ्ग गर्मियों में जलजीरे से बेहतर ड्रिंक और कोई हो ही नहीं सकता है। नींबू (Lemon) और पुदीने (Mint) से बना ये ड्रिंक आपके मन को तरोताजा कर देगा। जलजीरा ताजा धनिया, सेंधा नमक, पुदीना, भुना जीरा, काली मिर्च, काली मिर्च पाउडर, काला नमक और सूखे आम पाउडर सहित विभिन्न सामग्रियों से बनाया जाता है। इतना ही नहीं यह पेट के लिए भी फायदेमंद है जानिए कैसे?

जलजीरा में काला नमक होता है, जो पाचन के लिए अच्छा होता है। यह पेट की समस्या में मदद करता है। आंतों की गैस से राहत देता है और शरीर को फिर से हाइड्रेट करता है। नींबू और पुदीने से बना जलजीरा, घबराहट और चक्कर आना की किसी भी समस्या का इलाज करता है।

यह पेट में ऐंठन, उल्टी, मासिक धर्म में ऐंठन, गठिया, आंतों की गैस और कई अन्य विकारों के उपचार में भी मदद करता है। यह आपको हाइड्रेटेड रखता है और आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालता है।

मुट्ठीभर पुदीने की पत्तियां, मुट्ठीभर धनिया की पत्तियां, कुछ आइस क्यूब्स, 1/2 इंच कद्दूकस किया अदरक, 2 टीस्पून जीरा, 1/2 टीस्पून अमचूर पाउडर, काला नमक स्वादानुसार, 2.5 ग्लास पानी, 1/2 नींबू, 1/2 टीस्पून काली मिर्च पिसी हुई

जीरा, काला नमक और अमचूर को एक साथ पीस लें। पुदीने के पत्ते और धनिया पत्ती को पर्याप्त पानी के साथ पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें।

नींबू का रस और पिसा हुआ मसाला डालें और अच्छी तरह मिलाएं। दो लम्बे गिलासों में बर्फ के टुकड़े डालें। लिक्विड को दोनों ग्लासों में डालें और सोडा के साथ टॉप करें।

विटामिन सी की कमी में सुधार करता है: चूंकि इसमें सूखे आम या 'अमचूर' पाउडर है, जो विटामिन सी में उच्च होता है। इसलिए यह प्रतिरक्षा में सुधार करने में मदद करता है और स्कर्वी को दूर रखता है।

कैलोरी बर्न करता है: कैलोरी के प्रति जागरूक लोगों के लिए, यह एक बेहतरीन ड्रिंक है जिसे वे ले सकते हैं क्योंकि यह बहुत कम कैलोरी होती हैं।

एनीमिया को रोकता है: जीरा एनीमिया को रोकने और उसका इलाज करने में मदद करता है क्योंकि यह आयरन का उत्कृष्ट स्रोत है। यह प्रतिरक्षा में सुधार भी करता है और आपके शरीर को ठंडा रखता है।



# विटामिन-डी की कमी को दूर करने के लिए डाइट में शामिल करें ये खास चीजें

डॉक्टर हमेशा विटामिन-डी की कमी दूर करने के लिए धूप सेंकने की सलाह देते हैं। सूर्य की रोशनी विटामिन-डी का मुख्य स्रोत है। इसके लिए रोजाना प्रातः काल धूप में बैठें। इससे शरीर में विटामिन-डी की कमी दूर होती है।

सेहतमंद रहने के लिए संतुलित आहार जरुरी है। खानपान में कमी के चलते कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आती हैं। इससे बचाव के लिए सर्वप्रथम अपने रहन सहन और खानपान में व्यापक सुधार करें। साथ ही रोजाना एक्सरसाइज अवश्य करें। विशेषज्ञों की मानें तो शरीर को प्रचुर मात्रा में कई प्रकार के विटामिन और मिनरल की जरूरत पड़ती है। इनमें किसी चीज की कमी से शरीर के विभिन्न अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। खासकर, विटामिन डी की कमी से शरीर और दांतों की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। साथ ही मैटाबोलिक सिंड्रोम, ब्रेस्ट कैंसर, अवसाद, और डिमेंशिया आदि बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है। डाइट में विटामिन-डी युक्त चीजों को जरूर शामिल करें।




### आइए जानते हैं

डॉक्टर्स विटामिन-डी की कमी को दूर करने अंडे का पीला भाग खाने की सलाह देते हैं। इसमें विटामिन-डी और प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके लिए रोजाना अंडे जरूर खाएं। अंडे खाने से कई अन्य बीमारियों में भी राहत मिलता है।

डॉक्टर हमेशा विटामिन-डी की कमी दूर करने के लिए धूप सेंकने की सलाह देते हैं। सूर्य की रोशनी विटामिन-डी का मुख्य स्रोत है। इसके लिए रोजाना प्रातः काल धूप में बैठें। इससे शरीर में विटामिन-डी की कमी दूर होती है।

खासकर सूर्योदय से लेकर 10 बजे तक धूप में बैठना अधिक फायदेमंद होता है। वहीं, सूर्य के विपरत मुख में बैठकर धूप सेंकना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स डाइट में मछली शामिल करने की परामर्श देते हैं।

# घर आए मेहमानों को खिलाएं सिंधी नाश्ता 'दाल-पकवान'



दल पकवान एक सिंधी फूड है जिसको भारत में कई जगहों पर खाना बेहद पसंद किया जाता है। यह एक बहुत ही अच्छा ब्रेकफास्ट और स्नैक फूड डिश है। इसलिए आज हम आपके लिए दाल पकवान बनाने की एक आसान रेसिपी लेकर आए हैं। यह दाल और पकवान का एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। अगर आप नाश्ते में कुछ टेस्टी और हेल्दी खाना चाहते हैं तो ये डिश अच्छा ऑप्शन हैं, तो चलिए जानते हैं दाल पकवान बनाने की रेसिपी-

इसको बनाने के लिए आप सबसे पहले एक प्रेशर कुकर में चने की दाल को डालें। फिर आप इसमें पानी, हल्दी और स्वादानुसार नमक डालें और मीडियम आंच पर पकने के लिए रख दें। इसके बाद आप कुकर में 5 से 6 सीटी लगाकर गैस बंद कर दें और कुकर से गैस निकलने दें। फिर प एक कढ़ाई में तेल डालकर मीडियम आंच पर गर्म करें। इसके बाद आप इसमें राई डालकर अच्छे से चटकाएं। फिर आप इसमें कटे हुए टमाटर डालें और नरम होने तक पका लें। इसके बाद आप इसमें गरम मसाला और धनिया पाउडर डालें और 1 मिनट तक पकाएं। फिर आप कुकर का ढक्कन खोलकर उसमें से दाल निकाल लें। इसके बाद आप इसमें टमाटर का मिश्रण डालकर अच्छी तरह से मिला लें। फिर आप इसको करीब 2 मिनट तक मीडियम आंच पर पकाकर गैस बंद कर दें। अब आपकी दाल बनकर तैयार हो गई है। इसके बाद आप पकवान बनाने के लए सबसे पहले एक गहरे तले का बर्तम लें्र फिर आप इसमें मैदा सहित बाकी की सारी सामग्री डालकर अच्छी तरह से मिला दें। इसके बाद आप इसमें थोड़ा-थोड़ा सा पानी डालकर सख्त आटा गूंद लें। फिर आप आटे को करीब 30 मिनट तक कपड़े से ढक्कर अलग रख दें। इसके बाद आप एक कढ़ाई में तेल डालकर मीडियम आंच पर गर्म करें। फिर आप इस आटे को लेकर इसकी लोइयां बना लें। इसके बाद आप लोई को सूखे मैदे को लपेटकर रोटी जैसा बेल लें। फिर आप कांटे वाली चम्मच की सहायता से पूरी रोटी में छेद कर दें। इसके बाद आप इन रोटियों को तेल में डालकर दोनों तरफ से गोल्डन होने तक फ्राई करें।ऐसे ही आप सारी रोटियों को अच्छी तरह से फ्राई कर लें। अब आपका स्वादिष्ट दाल-पकवान बनकर तैयार हो चुका है।

# पटना में हैं कई खूबसूरत और ऐतिहासिक जगहें

पटना शहर में पर्यटकों के घूमने के लिए कई बेहतरीन जगहें हैं। यहां संग्रहालय, पुस्तकालयों, विभिन्न धर्मों के पूजा स्थलों, पार्कों और स्मारकों, चिड़ियाघर और मनोरंजन पार्कों आदि में संरक्षित प्राचीन सभ्यता के अवशेष हैं। हम आज आपको बता रहें हैं की आप पटना में कहां कहां घूम सकते हैं। बिहार की राजधानी पटना ने अपने यात्रा की शुरुआत प्राचीन मगध साम्राज्य से की। पटना उस वक्त पटलीपुत्र के नाम से जाना जाता था। गंगा नदी के तट पर बसे इस खूबसूरत शहर ने देश की आजादी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पटना में दुनिया के प्रमुख धर्म जैसे हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख कई तीर्थस्थल हैं। इसके अलावा भी पटना में घूमने के लिए कई बेहतरीन जगहें हैं। परंतु पटना अभी भी पर्यटकों के बीच एक आकर्षण का केंद्र नहीं बन पाया है। ऐतिहासिक शहर पटना में देखने के लिए बहुत कुछ है।



## बिहार संग्रहालय

बिहार के गौरवशाली अतीत को जानने के लिए अपनी यात्रा की शुरुआत आप बिहार संग्रहालय से कर सकते हैं। यहां प्राचीन इतिहास से लेकर मॉडर्न इतिहास तक आपको सब कुछ मिलेगा। यहां मगध का उदय और उसके बाद के राजवंश, मौर्य साम्राज्य से मुगल शासन तक, संग्रहालय यह सब प्रदर्शनी के माध्यम से समझाता है। पटना के बेली रोड पर स्थित यह संग्रहालय सोमवार को छोड़कर सभी दिनों में सुबह 10 ।30 से शाम 5 बजे के बीच खुला रहता है

## गोल घर

पटना का यह मील का पत्थर मूल रूप से 1786 के आसपास बना था। इसे वर्ष 1770 के अकाल में अनुभव की गई भोजन की कमी के बाद सेना के लिए अनाज रखने के लिए बनाया गया था। मजदूरों को इस पर चढ़ने में आसानी हो इस वजह से इस पर सीढ़ियां भी बनायी गई थी। आज जिसका इस्तेमाल पटना को ऊंचाई से देखने के लिए किया जाता है।

## बड़ी पटन देवी

बड़ी पटन देवी एक लोकप्रिय तीर्थस्थल है। यह देवी सती (पार्वती का एक अवतार) से जुड़ा है। यह पटना के सबसे बड़े मंदिरों में से एक है। सहर में देवी को समर्पित अन्य मंदिर भी मौजूद हैं।

## पटना साहिब

सिख समुदाय के लिए पटना एक बहुत ही सम्मानित शहर है। यहां सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह का जन्म हुआ था। गुरु नानक और गुरु तेग बहादुर ने भी यहां का दौरा किया है। यहां से लगभग तीन किमी दूर गुरु की बाग है, जो गुरु तेग बहादुर की स्मृति से जुड़ा गुरुद्वारा है। पटना आए पर्यटकों को एक बार इन दोनों गुरुद्वारे जरूर जाना चाहिए।

## महावीर मंदिर

पटना रेलवे स्टेशन पर संकटमोचन हनुमान को समर्पित यह भव्य मंदिर तीर्थ यात्रियों के लिए एक लोकप्रिय आकर्षण है। महावीर मंदिर में आपको अन्य देवी-देवता भी मिलेंगे।

## कुम्हरार पार्क

पटना के केंद्र में स्थित कुम्हरार पार्क उस समय की याद दिलाता है जब पटना को पाटलिपुत्र और मगध की राजधानी के रूप में जाना जाता था। पुरातत्वविदों को यहां पुरानी संरचनाएं (जैसे कि एक असेंबली हॉल) और मिट्टी के बर्तन मिले हैं।

## बुद्ध स्मृति पार्क

पटना के फ्रेज़र रोड पर स्थित पार्क में 200 फीट ऊंचा करुणा स्तूप बनाया गया है, जिसे भगवान बुद्ध की 2554 वीं जयंती के अवसर पर बनाया गया था। यह एक प्राकृतिक उद्यान से घिरा हुआ है। इस परिसर में नालंदा महाविहार की शैली में निर्मित एक ध्यान केंद्र, एक पुस्तकालय और एक संग्रहालय भी शामिल है।

## खुदा बख्श ओरिएंटल लाइब्रेरी

खुदा बख्श लाइब्रेरी की शुरुआत एक निजी संग्रह के रूप में हुई थी। लेकिन यह धीरे-धीरे विभिन्न भाषाओं की लगभग 250,000 पुस्तकों के साथ एक भव्य पुस्तकालय के रूप में विकसित हो गया। इसमें पुरानी पांडुलिपियों का भी एक बड़ा संग्रह भी है। इसके अलावा यहां कुछ दुर्लभ कलाकृतियां भी मौजूद हैं।

## गांधी संग्रहालय

पटना का गांधी संग्रहालय बड़े पैमाने पर महात्मा गांधी की बिहार यात्राओं और राज्य के साथ उनके संबंधों से संबंधित है

## शहीद स्मारक

पुराने सचिवालय भवन के सामने स्थित शहीद स्मारक उन सात युवाओं के सम्मान में बनाया गया था, जिन्होंने भारतीय तिरंगा फहराने की हिम्मत की थी और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जिन्हें ब्रिटिश पुलिस द्वारा गोली मार दी गई थी।

## सेंट मेरी चर्च

18वीं सदी में गॉथिक शैली में बनाए गए इस पुराने सेंट मेरी चर्च में कुछ बदलाव हुए हैं, लेकिन फिर भी इसे पटना का सबसे पुराना चर्च कहा जाता है। स्थानीय लोग इसे 'पादरी की हवेली' भी कहते हैं।

## पत्थर की मस्जिद

ऐसा कहा जाता है कि सम्राट जहांगीर के बेटे परवेज शाह ने 17वीं शताब्दी में इस पत्थर की मस्जिद का निर्माण कराया था। गंगा नदी के तट पर स्थित इस मस्जिद का निर्माण उन्होंने उस वक्त करवाया था जब वह बिहार के राज्यपाल थे।

## संजय गांधी जैविक उद्यान

संजय गांधी जैविक उद्यान यानि की पटना चिड़ियाघर यहां का एक लोकप्रिय आकर्षण है। वनस्पति उद्यान के रूप में शुरू हुए इस पार्क को बाद में एक जैविक पार्क में बदल दिया गया। यहां जानवर, मछली और सांप देखा जा सकता है। इसके अलावा भी यहां मनोरंजन के कई साधन हैं।पटना और इसके आस पास के इलाकों में इन जगहों के अलावा भी घूमने के लिए कई खूबसूरत जगह हैं।




# नेलपॉलिश लगाने के बाद सुखाना चाहते हैं जल्दी, आजमाएं ये तरीके

समय के साथ फैशन का अंदाज भी बदलता रहता हैं। लड़कियां अपने लुक में निखार लाने के लिए फैशन से जुड़ी कई चीजें अपनाती हैं जिनमें से एक हैं नेलपॉलिश। यह आपको नाखुनों को आकर्षक दिखाने के साथ ही बेहतरीन लुक देने का काम करती हैं। लेकिन कई बार देखने को मिलता है कि नेलपॉलिश सूखने में काफी समय लग जाता हैं जिसकी वजह से महिलाएं कुछ भी काम नहीं कर पाती हैं।

कई बार नेलपेंट गीली होने की वजह से फैल भी जाती हैं और डिजाईन बिगड़ जाती हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जिसे आजमाने के बाद नाखुनों की नेलपॉलिश झट से सूख जाएगी और नेलपेंट खराब भी नही होगी। आइये जानते हैं इन टिप्स के बारे में। नेल पॉलिश कितनी जल्दी सूखती है यह डिपेंड करता है कि आप किस तरीके से उसे लगाती हैं।

नेल पॉलिश को अगर कुछ दिनों के लिये छोड़ दिया जाए तो वह गाढी हो जाती है। इसलिये उसे लगाने से पहले उसमें थोडा.सा



एसिटोन मिला दें जिससे वह हल्की हो जाए और फिर उसे लगाएं।

आप ठंडे पानी का इस्तेमाल करके नेल पेंट जल्दी से सुखा सकती हैं। जब भी आप नेल पॉलिश लगा रही हैं तो एक कटोरी में आइस वॉटर डालें। इसके बाद जब भी आप नेल पेंट दोनों नाखुनों पर लगा लें तो अपने हाथों को आइस वाटर में डूबोकर रखें। इससे नेलपेंट जल्दी सुख जाएगा।

## टॉप कोट

अधिकतर लड़कियां टॉप कोट लगाना भूल जाती है। जबकि टॉप कोट एक जेल होता है और इसका टेक्सचर पतला होता है। इससे नेलपॉलिश कितनी भी कोट लगाई जाए ये जल्दी से सूख जाती है। टॉप कोट को हल्के गीले नेलपेंट के ऊपर लगाने से भी नेलपॉलिश खराब नहीं होती है और ये जल्दी सूख जाती है। नेलपॉलिश जल्दी सुखाना चाहते हैं तो ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं। हांलाकि कुछ लड़कियां इस आईडिया को पसंद नहीं करती है, लेकिन अगर आप चाहें तो ब्लो ड्रायर से नाखुनों को सुखा सकती हैं। इसके लिए बस आपको ब्लो ड्रायर को मिनिमम सेंटिंग पर रखना होगा जिससे ये हीट न करे और केवल हवा दे। जिससे नेलपेंट आसानी से सूख जाए। ड्राइंग ड्रॉप्स के जरिए आप ड्राइंग ड्रॉप्स का इस्तेमाल करके नेल पेंट सुखा सकते हैं। नेल पॉलिश लगाने के बाद इसे अपने नाखुन पर लगाएं। इससे भी नेल पेंट बहुत ही आसानी से सुख जाएगा। यह नाखुनों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

## बेबी ऑयल

आप बेबी ऑयल का इस्तेमाल नेल पेंट सुखाने के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा आप ऑलिव ऑयल भी नेल पेंट को सुखाने के लिए प्रयोग कर सकते हैं। एक कटोरी में बेबी ऑयल डालें। इसके बाद इसमें अपनी उंगलियां डुबोकर रखें। इससे आपकी नेल पॉलिश जल्दी सुख जाएगी।

## पतली कोटिंग

आपके नेलपेंट लगाने के तरीके पर भी यह निर्भर करता है कि नेलपेंट कितनी देर में सूखेगी। अगर आप नेलपेंट की थिक लेयर लगाती हैं तो उसे सूखने में काफी वक्त लगता है। कई बार तो इसमें घंटों भी लग जाते हैं। इसलिए सबसे अच्छा तरीका है कि आप नेलपेंट की थिन लेयर लगाएं।

BNM Fantasy



## आर्टिकल 370 ने लगाई फिफ्टी

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में 50 शानदार दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

## परिणीति चोपड़ा ने बढ़ाया 15 किलो वजन

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। अमर सिंह चमकीला पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिए 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। परिणीति चोपड़ा ने बताया कि किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया। इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। यह बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।



## बॉलीवुड में बड़ा धमाका करेगी देवरा पार्ट-1

### साथ आए करण जौहर



बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म देवरा: पार्ट 1 का डिस्ट्रीब्यूशन नॉर्थ स्टेट्स में करेंगे। एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट देवरा: भाग 1 पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्मकार करण जौहर भी अब इस फिल्म से जुड़ गए हैं। करण जौहर ने देवरा पार्ट 1 फिल्म के मेकर्स से हाथ मिलाया है। करण जौहर ने एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह जूनियर एनटीआर और देवरा पार्ट 1 के मेकर्स के साथ नजर आ रहे हैं। करण जौहर ने फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिख बड़े तूफान के लिए खुद को तैयार कर लो, हमें इस बात का गर्व है कि इंडियन सिनेमा में मास फिल्म देवरा पार्ट 1 के मेकर्स से हमने नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हाथ मिलाया है। फोटो में जूनियर एनटीआर फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी, प्रोड्यूसर अपूर्व मेहता और फिल्म के निर्देशक शिवा कोराताला दिखाई दे रहे हैं। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित देवारा दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।